## खास-खबरें

### विकलांग महिला के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक जिला खण्डवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा महिला संबंधी अपराधों में तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री महेन्द्र तारनेकर एवं एसडीओपी मूंदी श्री रविन्द्र कुमार बोयट के निर्देशन में थाना प्रभारी मूंदी निरी. राजेन्द्र नरवरिया के नेतृत्व में आरोपी रवि पिता सवदान जाति कोरकू उम्र 32 साल निवासी ग्राम गुलगांव रैयत को 12 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। फरियादीया पीडित की रिपोर्ट पर 12 नवंबर को आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करते हुए मूंदी पुलिस द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाकर दिनांक 13.11.24 को न्यायालय खण्डवा पेश किया गया ।

### किसान अपने खेतों की मिट्टी का करा सकेंगे परीक्षण

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के 22 अगस्त 2024 से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में नवीन निर्मित विकासखण्ड स्तरीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को युवा उद्यमियों एवं संस्थाओं के माध्यम से प्रारंभ तथा संचालित किया जाना है। इसके लिए चयन के लिए इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा आवेदन किए गए। जिसमें जिले में कुल 17 संस्थाओं एवं 85 युवा उद्यमियों के आवेदन प्राप्त हुये। इसके लिए छतरपुर कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर संस्थाओं एवं युवा उद्यमियों का चयन के लिए प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के लिये जिला स्तर पर एक समिति बनाई गई।

### शहरी क्षेत्र के स्कूल व अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट कराएं

**हरदा।** कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर नगरीय विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में उन्होने निर्देश दिये कि शहरी क्षेत्रों में स्थित स्कूलों, अस्पतालों और अन्य बड़े भवनों का फायर सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराते रहें। उन्होंने कहा कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने क्षेत्र के एसडीएम और एसडीओपी के साथ समन्वय स्थापित कर बाजार में दुकानदारों बैठक व्यवस्था बेहतर बनाएं तथा शहरी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे हर दुकान के बाहर लगवाने के लिये व्यापारियों को प्रेरित करें। उन्होने कहा कि शहरी क्षेत्र में यातायात सुचारू बनाने के लिये वाहन पार्किंग व्यवस्था सुधारें।

# भवन निर्माण की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करें : आयुक्त



**खंडवा।** नगर निगम कार्यालय में आयुक्त श्रीमती प्रियंका राजावत के नेतृत्व में पाँच प्रमुख मुद्दों पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निवारण: आयुक्त महोदय ने निर्देश दिया कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द किया जाए। सभी शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इसके साथ ही आदतन शिकायत करने वाले आवेदकों को भी समझाइश देने के निर्देश दिए गए। भवन निर्माण की अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने आवंटित वार्डों में जाकर निरीक्षण करें और सुनिश्चित करें कि भवन निर्माण कार्य सभी नियमों के अनुसार हो रहा है। अवैध निर्माण पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

**बेसमेंट का अवैध उपयोग रोकने हेतु निर्देश:** बेसमेंट का अवैध व्यावसायिक उपयोग करने वालों को नोटिस जारी कर, एक-एक कर सीलिंग की प्रक्रिया आरंभ करने का निर्देश दिया गया है। अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई नगर निगम अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर सख्त कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण के खिलाफ अभियान- अस्थाई हो या स्थाई, किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाने हेतु निरंतर अभियान चलाने की बात कही गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आयुक्त सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट पर बांद्राभान पर प्रारंभ हुआ मेला

**नर्मदापुरम।**

मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट बांद्राभान में बुधवार 13 नवंबर से तीन दिवसीय बांद्राभान मेले का शुभारांभ हुआ। लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर सोनिया मीना, मध्य प्रदेश तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधिवत पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती मंजूलता पटेल, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, एसडीओपी पराग सैनी, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड श्री राजेश जैन, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार सहित अन्य



अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

कलेक्टर सुश्री मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरुकरन सिंह ने अधिकारियों के साथ मोटरबोट के माध्यम से नदी मार्ग द्वारा मेला क्षेत्र पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया एवं मेले के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाला सुप्रसिद्ध बांद्राभान मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन नर्मदापुरम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।

जनपद सीईओ नर्मदापुरम श्री हेमंत सुत्रकार ने बताया कि तीन दिवस तक आयोजित होनें वाला मेला 16 नवंबर तक चलेगा। मेले में नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सीहोर, भोपाल, राजगढ एवं अन्य जिलो से आने वाले यात्रियों व श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुये मेला स्थल के पहुंच मार्गों को दुरूस्त किया गया है। मेले के लिए मुख्य घाट सहित अन्य प्रमुख स्नान घाटों तक के रेतीले क्षेत्र में आवागमन सुलभ बनाया गया है। मेला स्थल पर नदी में गहरे पानी में जाने से लोगो को रोकने के लिए बैरीकेडिंग की गई है।

# नगर निगम ने बिना अनुमति अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

**खंडवा।**

नगर निगम द्वारा शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। जलेबी चौक क्षेत्र स्थित एक व्यवसायी द्वारा निगम की छह दुकानों को मिलाकर एक बड़े पक्के निर्माण में परिवर्तित किया जा रहा था, जिसके लिए किसी भी प्रकार की अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। निगम द्वारा 24 घण्टे का अल्टीमेटम नोटिस जारी करने के बावजूद दुकानों को यथास्थिति में नहीं लाया गया, जिसके कारण आज निर्माण के दौरान ही इसे ध्वस्त किया गया।

एसडीएम बजरंग बहादुर एवं उपयुक्त एस. आर. सिटोले की उपस्थिति में बाजार शाखा एवं अतिक्रमण शाखा के सहयोग से जेसीबी मशीन द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ा गया। दरअसल, यह छह दुकानें अलग-अलग व्यापारियों को आवंटित की गई थीं, परंतु एक व्यापारी ने आपसी समझौते के तहत सभी दुकानों को मिलाकर अवैध निर्माण कार्य शुरू कर दिया था, जिसके लिए नगर निगम से कोई अनुमति नहीं ली गई थी।

इस अवसर पर निगम ने सख्त संदेश दिया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी जहां बिना अनुमति अवैध निर्माण किया जा रहा है, उसे भी इसी प्रकार ध्वस्त कर यथास्थिति में लाया जाएगा। निगम ने सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण ना करें , अन्यथा निगम नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करेगा।

आज की कार्रवाई में उपयुक्त एवं एसडीएम के अतिरिक्त सहायक विधि अधिकारी राकेश ललित, प्रभारी बाजार अधिकारी प्रकाश राजपूत, प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी अजय सारसार, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे सहित उपयंत्री एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने स्कूल व अस्पताल का किया निरीक्षण

**हरदा।**

कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को जिले की खिरकिया तहसील के ग्राम बमनगांव, सक्तापुर, चौकड़ी व छीपाबड़ का दौरा कर वहां शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होने इस दौरान स्कूल, अस्पताल, जल जीवन मिशन की पेयजल योजना, उपार्जन केन्द्र और नहरों से सिंचाई कार्य का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान एसडीएम खिरकिया श्री अशोक डेहरिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम बमनगांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजना का निरीक्षण किया। उन्होने सरपंच व सचिव को निर्देश दिये कि कार्य पूर्ण होने पर पेयजल योजना को अपने



आधिपत्य में लें और जलकर वसूल कर योजना को अच्छी तरह संचालित करें। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम हिवाला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत चयनित अरहर पूसा-16 की खेती देखी और किसान श्री दौलत सिंह पिता अर्जुन सिंह से चर्चा की। किसान ने बताया कि वर्ष 2020 से अभी तक बीज निगम द्वारा मिलने वाला अनुदान उसे नहीं मिला है, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने शीघ्र ही भुगतान कराने के लिये आश्वस्त किया।

**खिरकिया अस्पताल का फायर ऑडिट कराने के निर्देश दिये:** कलेक्टर श्री सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खिरकिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल का फायर ऑडिट कराने तथा समय-समय पर अग्निशमन संबंधी मॉकड्रिल आयोजित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होने खिरकिया अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र का भी निरीक्षण कर वहां भर्ती बच्चों की माताओं से चर्चा की। कलेक्टर श्री सिंह ने इस दौरान निर्देश दिये कि मोरगढ़ी जैसी दूरस्थ ग्रामों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर कुपोषित बच्चे चिन्हित कर उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराएं।

उन्होने सक्तापुर स्थित उपार्जन केन्द्र देखा। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम चौकड़ी में नहर से सिंचाई कार्य का निरीक्षण किया और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरों की साफ-सफाई का कार्य कराते रहें। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम चौकड़ी के पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल की शिक्षिका सुश्री मीनाक्षी पाराशर का कार्य सराहनीय पाया गया, जिस पर उन्होंने उन्हें गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये।

# खाद वितरण व्यवस्था का अधिकारियों द्वारा किया जा रहा निरीक्षण

**छतरपुर।** रबी सीजन 2024 अंतर्गत छतरपुर जिले में टोकन सिस्टम प्रणाली से खाद वितरण सुदृढ़ बनाने के लिए कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में राजस्व, कृषि एवं मार्कफेड के अधिकारियों द्वारा खाद वितरण केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने खाद केन्द्रों से खाद प्राप्त करने में किसानों को कोई समस्या न हो ऐसे दिशा निर्देश दिए है। साथ ही मूलभूत सुविधाओं की सुलभता के भी निर्देश दिए हैं। बुधवार को चंदला के खाद वितरण केन्द्र



का एसडीएम राकेश शुक्ला द्वारा निरीक्षण किया गया जहां शांति पूर्ण ढंग से खाद वितरण पाया गया। इसी क्रम में नौगांव में खाद वितरण केन्द्र का तहसीलदार रंजना यादव और गढ़ीमलहरा में नायब तहसीलदार द्वारा खाद वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

# रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री के जी तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को दो सत्रों में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभागायुक्त ने प्रथम सत्र में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग, मार्कफेड, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन विभाग की तथा द्वितीय सत्र में उद्योग विभाग, रेशम एवं खेल विभाग, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग विभाग की योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की संभागीय समीक्षा की। बैठक में जिला उद्योग व व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक श्री कैलाश माल ने बताया कि नर्मदापुरम संभाग की रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव 7 दिसंबर को नर्मदा पुरम जिले में आयोजित की जाएगी।

स्थानीय आईटीआई महाविद्यालय में आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होने के लिए उद्योगपतियों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं, कॉन्क्लेव में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में 30 स्टॉल लगाए जाएंगे। अब तक स्टॉल लगाने के लिए 110 उद्योगपतियों ने पंजीयन कराए हैं। एक जिला एक उत्पादन के तहत भी प्रोडक्ट प्रदर्शित किए जाएंगे। कॉन्क्लेव में तीन से 4000 लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा करेंगे एवं उद्योगपतियों से राउंड टेबल वार भी चर्चा करेंगे।

संभागायुक्त श्री के जी तिवारी ने किसान कल्याण एवं कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए की मोटा अनाज मिलेट मिशन योजना के अंतर्गत मोटे अनाज श्री अन्न के उत्पादन को नर्मदा पुरम संभाग के जिलो में बढ़ावा मिले। मोटे अनाज की मार्केटिंग एवं प्रशिक्षण तथा मेला पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने कहा की फसल गिरदावरी में भी मोटे अनाज का सर्वे किया जा रहा है। संभागायुक्त ने कहा कि मिट्टी परीक्षण लैब पूरी क्षमता से कार्य करें। मिट्टी परीक्षण लैबो की कैपेसिटी बढ़ाई जाए। बताया गया कि वर्तमान में एक मिट्टी परीक्षण लैब 1 दिन में 40 मिट्टी के नमूने का परीक्षण करती है। संभागायुक्त ने हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के संबंध में एवं उसकी उपयोगिता के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। बताया गया कि एग्रीकल्चर वेस्ट स्टार्टअप के तहत हरदा एवं नर्मदापुरम में विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाना है। बैठक में बताया गया कि गेहूं के बेस्ट मटेरियल से भूसा बनाने का काम भी किया जा रहा है। भूसा की अधिकता से निराश्रित पशुओं की समस्या का भी निराकरण हो सकेगा।


# घरों के आंगन सजे गन्ने के मंडप से हुआ तुलसी और शालिग्राम का विवाह

**सेमरी हरचंद।**

**दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह नजर आया ,नगर के घर ,मंदिरों में गन्ने के मंडप सजाये गए, मंडप में शालिग्राम और तुलसी की पूजा अर्चना एवं विवाह कराया गया, तुलसी और शालिग्राम का विवाह लोगों ने हर्ष उल्लास के साथ किया।**

मंदिरों में भी देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर अनेक प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया एवं श्रद्धा , भक्ति और आस्था के साथ भगवान विष्णु और तुलसी की पूजा की गई इस पर्व के बाद शुभ विवाह प्रारंभ हो जाते हैं, रंग-बिरंगे फूलों से मंदिरों में भगवान का अद्भुत श्रृंगार किया गया खूब आतिशबाजी की गई।

ऐसा कहां जाता है कि भगवान चार माह की योग निद्रा से कार्तिक मास की एकादशी पर जागते हैं, इसलिए इस



एकादशी को देवउठनी एकादशी कहा जाता है इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है ,श्रद्धालु उपवास भी रखते हैं देवउठनी एकादशी का उपवास रखने से अकाल मृत्यु का योग समाप्त हो जाता है पुराणों में कहा गया है कि कार्तिक माह में तुलसीदल अर्पण करने से दस हजार गौ माता के समान फल की प्राप्ति होती है, वहीं यह भी कहा जाता है ,कि इस दिन तुलसी का विवाह करवाने से वैवाहिक जीवन की दिक्कत दूर हो जाती है।

**स्पेशल खबर** रात्रि बड़वाह में करेंगे विश्राम,कल सुबह अगले पड़ाव के लिए होंगे रवाना...

# तीसरे दिन बड़वाह पहुंची पंचकोशी यात्रा: अब तक लगभग 30 हजार यात्रियों ने नर्मदा पार की

बड़वाह। 49 वी लघु नर्मदा पंचकोशी यात्रा ने बुधवार को बड़वाह नगर में प्रवेश कर लिया है?हालानी 12 हजार यात्री मंगलवार को ही टोकसर से नाव द्वारा नर्मदा पार करके बड़वाह क्षेत्र के सेमरला घाट पहुंच गए थे इसके बावजूद पुरे दिन से शाम 5 बजे तक करीब 18 हजार यात्रियों ने नर्मदा पार कर लिया है।इस तरह कुल लगभग 30 हजार यात्री नर्मदा पार कर बड़वाह पहुंच गए है ।ये हजारो श्रद्धालु आज रात बड़वाह में ही रात्री विश्राम करेंगे।गुरुवार को भोर होती ही सभी श्रद्धालु अपनी यात्रा के अगले पड़ाव के लिए सिद्धवरकूट,ओंकारेश्वर के लिए रवाना हो जाएँगे।इधर नगर में यहाँ-वहां लगभग प्रत्येक जगह विश्राम करते आपको पंचकोशी यात्री नजर आ जाएँगे।कृषि उपज मण्डी,पुखराज कालोनी,कंवर



कालोनी,बस स्टेशन,नगर पालिका सहित अन्य स्थानों पर विश्राम कर रहे है।नगर में भारी भीड़ है।जगह-जगह पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था सम्भाल रहे है।विशेषकर महेश्वर रोड़ पर तो पंचकोशी यात्री अधिक होने के कारण यातायात का भारी दबाव है।

नर्मदा का जल स्तर हुआ कम,तट से पहले रोकनी पड़ी नाव,पुलिसकर्मियों ने की मदद-बुधवार को नर्मदा के जल स्तर में कमी देखी गई।यही कारण है की नाव को तट से दूर ही रोकना पड़ा।ऐसे में श्रद्धालुओ को अपने सामान के साथ पानी में उतरना पड़ा।ऐसे में पुलिसकर्मियों ने श्रद्धालुओ की मदद करते हुए उन्हें सुरक्षित नाव से बाहर उतारा।तट पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए एडिशनल एसपी मनोहर सिंह बारिया,एसडीओपी अर्चना रावत,बड़वाह थाना प्रभारी बलराम सिंह राठौर,सनावद टीआई इंद्रेश त्रिपाठी सहित बड़वाह डिविजन सहित अन्य जगह से करीब 200 पुलिसकर्मियों ,विभागीय कर्मचारियों ने सुरक्षा व तटीय व्यवस्था संभाल रखी थी।वही तहसीलदार शिवराम कनासे,सीईओ कंचन डोंगरे,आरआई सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए थे।करीब 25 नाव पुरे दिन फेरी लगाती रही।शुरुआत नाव में क्षमता अनुसार 20 यात्रियों को ही बैठाया गया।बाद में अधिकतम 25-28 यात्रियों नाव में बैठे।नाव एवं तटो पर सुरक्षा उपकरण भी थे।इस दौरान कोई बड़ी दुर्घटना या जनहानि की कोई बात सामने नही आई।

ध्वज यात्रा निकाली-पंचकोशी यात्रा का संचालन पंचकोशी यात्रा संचालक मंडल,स्काउट गाईड सेवा समिति पिछले 49 सालो से कर रही है।संचालक सदस्य इस यात्रा में आगे ध्वज लेकर चलते हुए यात्रा का नेतृत्व भी करते है।लेकिन भीड़ संचालक मंडल से आगे निकल जाती है।दोपहर 3.30 बजे संचालक मंडल के सदस्यों ने ध्वज लेकर नगर में प्रवेश किया।इस दौरान सभी सदस्य अन्य श्रद्धालुओ के साथ मंडी से नगेश्वर तक में भजन कीर्तन करते हुए निकले।यात्रा सदस्य नागेश्वर मन्दिर क्षेत्र में विश्राम करेंगे।इस दौरान ध्वज यात्रा में पंडित विवेक दुबे(बड़वाह) के साथ गोपाल मानवे,बद्रीनाथ चौहान,रेवाराम भाई ,मुकुट भाई ,सुनील पाटिल,बलवाड़ी,गंगाबाई सोनेर,कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

यात्रियों के लिए बिछाए पलक-पावड़े,जगह-जगह भंडारे,चाय प्रसादी का रखा आयोजन-पंचकोशी यात्रा के दौरान नगर में जगह-जगह समाजसेवियों द्वारा पंचकोशी यात्रियों के लिए चाय,नाश्ते एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी7 जबकि वार्ड 9 महावीर कालोनी की महिलाओं ने न सिर्फ यात्रियों को भोजन बनाया बल्कि उन्हें प्रेम से भोजन भी करवाया। स्थानीय कालोनीवासियों के जनसहयोग से आयोजित इस भंडारे में कॉलोनी के ही मुस्लिम समाजजनो ने भी अपना सहयोग देते है। इस कार्य में वार्ड पार्षद रजनी भंडारी भी महिलाओं के साथ पूरी बेलने में पुरे समय लगी हुई थी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम,रीवा (म.प्र.)**

क्र. 4091/न.पा.नि./राजस्व/2024-25 रीवा, दिनांक 13/11/2024

**अचल सम्पत्ति नामान्तरण विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व नगर सुधार न्यास रीवा की आवासीय योजना क्रमांक 8 नेहरू नगर रीवा जो नगर पालिक निगम रीवा के स्वामित्व में है, में स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. 3/2/18 क्षेत्रफल 1905.00 वर्गफिट, श्री महेश प्रताप सिंह परिहार पिता श्री वीरभान सिंह परिहार को 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, इनकी मृत्यु पश्चात, इस भवन का नामान्तरण श्री दुर्गा सिंह परिहार पिता स्व. श्री महेश प्रताप सिंह परिहार निवासी इन्द्रिरा नगर रीवा मध्यप्रदेश के नाम किये जाने हेतु दिनांक 07.12.2023 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भवन क्रमांक एम.आई.जी. 3/2/18 के नामान्तरण में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो, तो समाचार पत्रों में इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस की अवधि तक कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् कोई आवेदन / आपत्ति न तो ग्रहण की जावेगी और न ही मान्य की जावेगी। तत्पश्चात् आवेदक के आवेदन अनुसार उक्त भवन क्रमांक एम.आई. जी. 3/2/18 का नामान्तरण श्री दुर्गा सिंह परिहार पिता स्व. श्री महेश प्रताप सिह परिहार निवासी इन्द्रिरा नगर रीवा मध्यप्रदेश के नाम करने की कार्यवाही की जावेगी ।

**उपायुक्त (राजस्व) नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**